卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 358 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦4 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## लाठी-डंडों से हमला कर युवक की हत्या, एक गंभीर

### परिजनों का आरोप-धोखे से बुलाकर रची गई साजिश, यूपी पुलिस कर रही जांच

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चांदपुर रोड पर हुई एक दिल दहला देने वाली वारदात में कुछ हमलावरों ने मिलकर एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी, जबकि उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही दोनों के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है, वहीं घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रेशमबाड़ी निवासी 35 वर्षीय जहांगीर के रूप में हुई है, जो अपने साथी हरीश चौहान के साथ मोटरसाइकिल से चांदपुर रोड, शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों



को किसी व्यक्ति के कहने पर वहां बुलाया गया था। परिजनों का आरोप है कि जैसे ही जहांगीर और हरीश चांदपुर रोड पर पहुंचे, कुछ अज्ञात लोगों ने पहले से घात लगाए बैठे थे। उन्होंने दोनों को घेर लिया और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। हमले में जहांगीर के हाथ-पैर टूट गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान जब आसपास के लोगों ने शोर- शराबा सुना और घटनास्थल की ओर दौड़े, तो हमलावर वहां से फरार हो गए। इसके बाद घायल अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जहांगीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं हरीश की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि जहांगीर को धोखे से किसी बहाने चांदपुर बुलाया गया और पहले से सुनियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई। क्योंकि यह मामला उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के अंतर्गत आने (शेष पृष्ठ सात पर)

## क्रेडिट कार्ड पर फर्जी तरीके से निकाला लोन, 2.49 लाख ट्रांसफर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के रविन्द्र नगर निवासी एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित बाबू विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके एचडीएफसी बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी तरीके से 4.30 लाख का लोन निकालकर उनमें से 2.49 लाख अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने दिनांक 15 सितंबर 2025 को अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक किया, तो उन्हें इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली। उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड से लोन लिया गया था, जबकि उन्होंने ऐसा कोई आवेदन नहीं किया था। संदेह होने पर उन्होंने तत्काल बैंक से संपर्क किया और खाते में बचे 1,80,500 की राशि को होल्ड करवा दिया। बाबू विश्वकर्मा का खाता संख्या 02831000101187 एचडीएफसी बैंक, रुद्रपुर में है। उन्होंने बैंक से शिकायत करने के साथ-साथ पुलिस को भी पूरे मामले से अवगत कराया। इस संबंध में उन्हें बैंक की ओर से शिकायत संख्या 335092500172557 प्राप्त हुई है। पीड़ित ने थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर देकर अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## पटाखों के गोदाम से नगदी समेत लाखों का माल चोरी

### डीवीआर और कैमरे तोड़कर खेतों में फेंके,पुलिस कर रही जांच

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दीपावली से पहले चोरों ने पटाखा कारोबारी को बड़ा झटका देते हुए लाखों रुपये का माल और नकदी चोरी कर ली। घटना बीती रात की है जब महाराजपुर गांव में स्थित पटाखों के गोदाम को चोरों ने निशाना बनाया। वारदात की जानकारी सुबह होने पर इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराजपुर निवासी नीरज कुमार का गांव में ही अमन क्रैकर के नाम से पटाखों का गोदाम है। नीरज पटाखों के थोक व्यापारी हैं और दीपावली के चलते गोदाम में लाखों रुपये की कीमत का माल स्टोर किया गया था। बीती रात



करीब 9 बजे नीरज गोदाम बंद कर अपने घर लौटे थे। सुबह लगभग साढ़े सात बजे गांव के कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गोदाम के ताले टूटे हुए हैं और शटर खुला पड़ा है। जब नीरज मौके पर पहुंचे तो देखा कि गल्ले में रखी लगभग 25,000 से 30,000 की नगदी गायब थी। साथ ही करीब तीन लाख रुपये के पटाखे भी चोर उठा ले गए थे। इतना ही नहीं, चोरों ने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर सिस्टम को भी क्षतिग्रस्त कर खेतों में फेंक दिया ताकि कोई सुराग न मिल सके। इसके अलावा आग बुझाने के तीन सिलेंडर भी चोर अपने साथ ले गए। अनुमान है कि चोरी गए माल की कुल कीमत करीब चार लाख रुपये के आसपास है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का मुआयना किया। चोरों की पहचान और (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर। ब्लॉक रोड पर स्थित खाली भूखंड में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव





मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि वह बुरी तरह क्षत विक्षत हो चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही उसकी मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सका है। जानकारी के अनुसार काशीपुर रोड स्थित गल्ला मंडी से ब्लॉक की ओर जाने वाले (शेष पृष्ठ सात पर)

## ससुरालियों ने विवाहिता के दोनों हाथ तोड़े

रुद्रपुर। शहर के दुधिया नगर मोहल्ले में एक महिला के साथ घरेलू हिंसा के दिल दहला देने वाले मामले ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के रहने वाले हुकुम लाल ने अपनी पुत्री जशोदा देवी के साथ हुई निर्मम मारपीट को लेकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता इस समय गंभीर हालत में रुद्रपुर स्थित आई.एस.आई. अस्पताल में भर्ती है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। एक हाथ पूरी तरह टूट चुका है जबकि दूसरे में फ्रैक्चर है। जशोदा के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को उसके पति पीतमराम ने बेरहमी से पीटा, और यह सब उसके सास-ससुर रामवेटी और नन्हे लाल के संरक्षण में हुआ। हुकुम लाल के अनुसार, उसकी बेटी की शादी करीब 22 वर्ष पूर्व पीतमराम से हुई थी, जो वर्तमान में रुद्रपुर के वार्ड नंबर 12, दुधिया नगर में निवास करता है और टुकटुक चलाकर जीविकोपार्जन करता है। शिकायत में कहा गया है कि पीतमराम शराब और अन्य नशीले पदार्थों का आदी है और छोटी-छोटी बातों पर जशोदा को पीटता है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब जशोदा को प्रताड़ना का सामना करना पड़ा हो। परिजनों के मुताबिक, इससे पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है, लेकिन इस बार स्थिति जानलेवा हो गई। जब परिजनों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, तो पति के माता-पिता ने हमेशा उसकी तरफदारी की। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब पीतमराम ने अस्पताल में भर्ती जशोदा की देखरेख कर रहे स्टाफ से भी दुर्व्यवहार किया। यह घटना 29 सितंबर की सुबह की बताई जा रही है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मामला चौकी से होते हुए कोतवाली रुद्रपुर पहुंचा। अब (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘क्राइम कैपिटल’ बनने की दिशा में अग्रसर ‘रुद्रपुर’

### एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस कप्तान की मौजूदगी के बावजूद अपराधी बेखौफ, एक पखवाड़े के भीतर शहर में सातवीं बड़ी वारदात,अब वेंडिंग जोन के सामने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक छीना मोबाइल

-अर्श-

रुद्रपुर। शहर में एक के बाद एक हो रही आपराधिक वारदातों को देखकर आजकल कुछ ऐसा लगने लगा है ,जैसे रुद्रपुर अब उत्तराखंड की क्राइम कैपिटल बनने की ओर बड़ी ही तेजी से अग्रसर है। नगर की कानून व्यवस्था का आलम इन दिनों कुछ ऐसा है कि शहर में अपराधियों को अब पुलिस और कानून का खौफ तनिक भी नहीं रह गया है।बेखौफ अपराधी शहर की सड़कों पर आए दिन किसी न किसी अपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। चालू पखवाड़े में ही शहर में बंदूक बाजी, तलवारबाजी और हाईवे पर छिनैती जैसी सात वारदातें अंजाम दी जा चुकी हैं। खास बात तो यह है कि उपरोक्त सभी वारदातें नगर निगम की सीमा के अंतर्गत अंजाम दी गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब शहर के भीड़ भाड़ भरे इलाके की मुख्य सड़कों पर ही नागरिकों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है, तो शहर के दूर दराज वाले इलाकों में नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति कैसी होगी? यह स्थिति तब है ,जब उधम सिंह नगर जिले में एक ऐसे पुलिस कप्तान मौजूद है, जो अब एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर एकाद सप्ताह के भीतर ऐसे वीडियो या चित्र देखने को मिल ही जाते हैं ,जिसमें किसी



शातिर अपराधी को घुटने के नीचे गोली लगी होती है और अपराधी अस्पताल के बेड पर लेटा जिले के पुलिस कप्तान से दोनों हाथ जोड़कर रहम की भीख मांग रहा होता है या फिर अपने गुनाह का पश्चाताप करता नजर आ रहा होता है। विशेष तथ्य तो यह है कि तकरीबन साल डेढ़ साल के भीतर ही उधम नगर उधम सिंह नगर जिले की पुलिस, वर्तमान पुलिस कप्तान के मार्गदर्शन में लगभग तीन दर्जन से अधिक एनकाउंटर कर चुकी है। अभी हाल में ही शहर की काबिल पुलिस छात्र संघ चुनाव की नामांकन रैली में हुई गोलीबारी के एक आरोपी का इनकाउंटर करके हटी है ।बावजूद इसके अपराधियों में पुलिस और कानून का खौफ तनिक कम ही नजर आता है। शहर में हाल फिलहाल हुई अपराधिक घटनाओं पर दृष्टिपात करें ,तो संपन्न छात्र संघ चुनाव के प्रचार के दौरान ही चुनावी रंजिश के चलते एक छात्र को गोली मार दी गई थी ।उसके बाद छात्र संघ चुनाव की नामांकन रैली में भी जमकर बंदूक बाजी हुई थी। उसके कुछ दिन बाद ही गाबा चौक में भी सरेआम गोली चालन की घटना कारित की गई । इसके अलावा विगत दिनों रोडवेज स्थित नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला मैदान के सामने आधी रात को हुई दो गुटों की भिड़ंत के दौरान भी खुलेआम फायरिंग और तलवारबाजी की वारदात अंजाम दी गई थी। इसके अतिरिक्त चालू सप्ताह में ही नगर के भीतर छिनैती की तीन वारदातें सामने आई हैं, जिसमें ट्रांसिट कैंप मार्केट में महिला का मंगलसूत्र छीनने, विशाल मेगा मार्ट के आगे एचपी पेट्रोल पंप के पास लक्ष्मी नामक युवती का मोबाइल झपटने तथा बीती रात वेंडिंग जोन के सामने एक युवक की आंखों में मिर्ची का पाउडर डालकर, युवक का मोबाइल सरेआम छीनने जैसी गंभीर वारदात विशेष रूप से उल्लेखनीय है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# विकास योजनाओं के लिए 986 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के अर्न्तगत तहसील बाराकोट के अनावसीय भवन निर्माण कार्य हेतु



3.03 करोड, जनपद मुख्यालय हरिद्वार के ऑफिसर्स कॉलोनी में श्रेणी-05 के 02 शासकीय आवासों के निर्माण कार्य हेतु 1.86 करोड, जनपद पौडी गढ़वाल के तहसील कार्यालय पौड़ी में मीटिंग हॉल एवं अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य हेतु 2.08 करोड तथा जनपद चम्पावत के लोहाघाट बस स्टेशन में कार्यालय भवन, कार्यशाला और स्टोर कक्ष निर्माण कार्य हेतु 7.16 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने पंचम राज्य वित्त आयोग उत्तराखण्ड की संस्तुतियों पर समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय किश्त हेतु 83.25 करोड़, क्षेत्र पंचायतों को द्वितीय छमाही किश्त हेतु 78.00 करोड एवं ग्राम पंचायतों को द्वितीय छमाही किश्त हेतु 200.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है के साथ ही पंचम राज्य वित आयोग की संस्तुतियों पर शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय त्रैमासिक किश्त हेतु 333 करोड तथा तीन गैर-निर्वाचित निकायों को द्वितीय छमाही हेतु कुल 3.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अनास्वाला मालसी मोटर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के पश्चात उपलब्ध भूमि पर मार्ग के किमी 4 से किमी 7 तक एज से एज तक पुन: निर्माण कार्य हेतु 3.19 करोड की योजना की स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग के अंतर्गत मिसिंग लिंक परियोजना में नगर पालिका परिषद, बागेश्वर क्षेत्रान्तर्गत सरयू नदी पर स्थित 113 वर्ष पुराने 51 मीटर स्पान पैदल झूला पुल का जीर्णोद्धार एवं नगर निगम देहरादून के काठ बंगला की निम्न आय वर्ग हाउसिंग सोसाइटी में बाह्य विद्युत कनेक्शन तथा पेयजल लाइन बिछाने हेतु 4.16 करोड धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अंतर्गत खनिया नम्बर-4 में जयनगर रोड से शिव मंदिर होते हुए किमी 2 तक हॉट मिक्स एवं खमिया नंबर-4 में जयनगर रोड से शिव मन्दिर होते हुए किमी 2 से किमी 4 तक हॉट मिक्स रोड तथा खमिया नंबर-4 में शिव मंदिर से गडरियाबाग में मोनीबाबा की मजार तक मार्ग सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 2.43 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पौड़ी गढ़वाल विकास खण्ड दुगड्डा के कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत खोह नदी के बांये तट पर स्थित ग्राम ग्रास्टनगंज की बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु 5.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र विकासनगर में नबावगढ़ पुल नं0-1 से खादर तक मोटर मार्ग का पुन: निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु 3.13 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय चम्पावत के परिसर में केन्द्रीय पुस्तकालय, चाहरदीवारी तथा मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु 2.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा नाबार्ड वित्त पोषण से सम्बन्धित विभिन्न जनपदों के अन्तर्गत सिंचाई विभाग की विभिन्न 16 योजनाओं के लिए 52.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड ट्रांसमिशन स्ट्रेन्थनिंग एण्ड डिस्ट्रिब्यूशन इम्पूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्पादन के लिए विभिन्न मदों में ए०डी०बी० योजना के अन्तर्गत प्रथम किश्त के रूप में धनराशि 200.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट हेतु की गई घोषणा के तहत ग्राम सभा सीमा में श्री एंजेडी बूबू मन्दिर स्थल का विकास कार्य के क्रियान्वयन हेतु 97.20 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ हेतु की गई घोषणा के तहत ग्राम रौछडा से रा.इ.का. मढ़मानले तक सम्पर्क खंडज्जा मार्ग बनाये जाने हेतु 23.74 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# आर.ए.एन. स्कूल के दिव्यगम सिंह ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

## श्रीनगर में आयोजित तीसरी एशियाई पेंचौक सिलाट चैंपियनशिप में रचा इतिहास, थाईलैंड के खिलाड़ियों को दी मात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा के छात्र दिव्यगम सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि दिव्यगम ने श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 25 से 30 सितंबर तक आयोजित तीसरी एशियाई जूनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में हासिल की। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 11 देशों के 300 से अधिक चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत में पहली बार आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में उत्तराखंड से तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिली, जिनमें एक दिव्यगम सिंह भी थे। दिव्यगम ने ओपन टू कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड के खिलाड़ियों को हराया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस कामयाबी से पूरे विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। अपने अनुभव साझा करते हुए दिव्यगम सिंह ने कहा, यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। इस उपलब्धि का श्रेय मैं अपने विद्यालय, कोच बबलू दिवाकर सर, परिवार और सभी शुभचिंतकों को देता हूं, जिन्होंने मुझे हर कदम पर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ने दिव्यगम को बधाई देते हुए कहा कि, यह पदक उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय का छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। मुझे विश्वास है कि दिव्यगम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता का प्रदर्शन करता रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने दिव्यगम को सम्मानित करते हुए कहा, ष्हम दिव्यगम के उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना करते हैं। उसकी यह सफलता न केवल प्रेरणादायक है बल्कि यह साबित करती है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। विजेता वे नहीं होते जो कभी असफल नहीं होते, बल्कि वे होते हैं जो कभी हार नहीं मानते। विद्यालय में आयोजित विशेष समारोह में दिव्यगम सिंह को स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण और विद्यार्थियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।




# स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने सीएम धामी से की शिष्टाचार

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके मध्य आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों



पर विस्तार से विचार- विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री श्री धामी ने महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज का स्वागत करते हुए कहा कि संत- महात्माओं के आशीर्वाद से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि संत परंपरा ने सदैव राष्ट्र और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संतों का मार्गदर्शन हमें न केवल जीवन मूल्यों से जोड़ता है बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का संदेश भी देता है।

# विहिप संरक्षक दिनेश जी की सीएम धामी से हुई शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश जी की शिष्टाचार मुलाकात हुई। देहरादून प्रवास पर आए श्री दिनेश जी के साथ विहिप के प्रदेश अध्यक्ष रवि देव आनंद और प्रदेश संगठन मंत्री अजय भी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक सीएम धामी ने दिनेश जी को सरकार द्वारा शुरू किए गए सनातन संस्कृति से जुड़े कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण कानून, दंगा निरोधी कानून, गो वंश संरक्षण कानून, यूसीसी, मानस खंड कॉरिडोर, गंगा कॉरिडोर के बारे में जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने लैंड जिहाद,थूक जिहाद,लव जिहाद और मजार जिहाद के खिलाफ की गई कारवाई की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 हजार एकड़ से



अधिक भूमि अतिक्रमण से मुक्त की गई है साथ ही 5 सौ से अधिक अवैध मजारे हटाई गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि करीब ढाई सौ अवैध मदरसे सील किए गए और आगामी जुलाई माह में उत्तराखंड मदरसा बोर्ड खत्म करते हुए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण लागू कर दिया जाएगा। श्री धामी ने बताया कि हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ की अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है और इसमें साधु संत और विहिप के अधिकारियों के साथ भी परामर्श जारी है। उन्होंने बताया कि कुंभ भव्य हो,सनातन का उत्सव हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। विहिप के वरिष्ठ नेताओं ने सीएम धामी के सनातन कार्यों की सराहना की और राज्य में डेमोग्राफी चेंज विषय पर और अधिक प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता जताई। विहिप ने देवभूमि उत्तराखंड को सनातन की वैश्विक राजधानी बताते हुए श्री धामी से इसका सांस्कृतिक स्वरूप को और अधिक व्यापक बनाए जाने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की प्रत्येक माह समीक्षा करें : सीएम

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए व कहा जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने वाले लोगों से वार्ता कर उनका फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों की समस्याओं के निस्तारण के लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाए, जिससे छात्रों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। समस्याओं का समाधान न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालय में बैठ कर समस्याएं सुने,संवाद करे व समस्याओं का समाधान करें,अधिकारी कार्यालय में बैठने का समय भी कार्यालय के बाहर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों की शिकायतों को प्राथमिकता दी जाए एवं उनके समाधान की विशेष निगरानी



की जाए। कई विभाग पार्शल क्लोज करने की जल्दबाजी में पोर्टल पर कार्रवाई गतिमान दिखा देते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या बनी रहती है, इस प्रकार की प्रवृत्ति सरकार की छवि को नुकसान पहुँचाती है, इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों को सभी सड़कों को शीघ्र ही गड्ढा मुक्त बनाने एवं आपदा से क्षतिग्रस्त हुई संपत्ति का प्राक्कलन कर पुनर्स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वीसी में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा,अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा, डीएफओ यू सी तिवारी, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, एमएनए नरेश दुर्गापाल, एस डीएम मनीष बिष्ट, सीएओ डॉ अभय सक्सेना, अधीक्षण अभियंता विधुत डी के जोशी, पीडब्लूडी अनिल पांगती, पेयजल निगम मृदुला सिंह, ए सीएमओ डॉ एस पी सिंह, एडी मत्स्य संजय छिमवाल,दुग्ध राजेंद्र सिंह, ईई सिंचाई बी एस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, लोनिवी गजेंद्र सिंह, पेयजल सुनील जोशी,जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# कनकपुर राजकीय इंटर कॉलेज का नाम शहीद देव बहादुर थापा के नाम पर रखा

किच्छा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणा को गत दिवस मूर्त रूप मिला। कनकपुर राजकीय इंटर कॉलेज का नाम अब शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज हो गया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इस घोषणा को पूर्ण कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिक्षा विभाग से वार्ता कर शासनादेश जारी कराया और स्वयं विद्यालय पहुँचकर इस ऐतिहासिक क्षण की जानकारी प्रधानाचार्य अवधेश कुमार गिरी व विद्यालय परिवार को दी। विद्यालय परिसर में तत्काल पेंटर बुलाकर मुख्य भवन पर नया नाम शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज अंकित कराया गया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शहीद देव बहादुर थापा ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रदेश की धामी सरकार ने उनकी शहादत को सम्मान देते हुए तीन बड़ी घोषणाएँ की थींख्रपरिवार को आर्थिक सहयोग, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और कनकपुर इंटर कॉलेज का नामकरण। इनमें से दो घोषणाएँ पूर्व में पूर्ण हो चुकी थीं और आज तीसरी घोषणा भी पूरी हो गई। यह हम सबके लिए गर्व और सम्मान का विषय है।श्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शहीद परिवार के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का परिचय दिया है।

# निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगी जांच : ध्यानी

## सर्किट हाउस, काठगोदाम, हल्द्वानी में जनसुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी। माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री यू.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग द्वारा शुक्रवार को सर्किट हाउस, काठगोदाम, हल्द्वानी में जनसुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग के अध्यक्ष श्री ध्यानी ने कहा कि जांच कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर जनता की समस्याओं और सुझावों को सुन रहा है ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष एवं संतुलित रूप से तैयार की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, विभिन्न नागरिकों, परीक्षा से जुड़े केंद्र व्यवस्थापकों एवं केंद्र प्रभारियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार रखे तथा सुझाव रखे। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मांग की कि परीक्षाओं की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह



भी सुझाव दिया कि भविष्य में होने वाली परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निष्पक्ष माहौल व पारदर्शिता से कराई जाएं। आयोग के सचिव विक्रम सिंह राणा ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों और सुझावों का संज्ञान लेकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने जानकारी दी कि गत 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा हेतु जनपद में तीन क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 57 परीक्षा केंद्रों थे। इन सभी केंद्रों में आवश्यक सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी आयोग को उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान,उप जिलाधिकारी राहुल शाह, विगत सम्पन्न परीक्षा केंद्रों के केंद्र प्रभारी, व्यस्थापक संबंधित अधिकारी, छात्र छात्रा, संगठन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में कार चालक पर केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान हुई मौत मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी ग्राम अमरपुरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सुरजीत कौर, एपेक्स पैकिंग सोल्यूशन बगवाला रूद्रपुर में कार्य करती थी और बीती दिनांक 25 सितंबर 2025 को फैक्ट्री से कार्य करके वह रमेश कुमार की मोटर साईकिल संख्या यूके 06एएक्स 6887 से सायं करीब 07 बजे अपने घर की ओर आ रही थी जब उनकी बाइक नगर के मोक्ष धाम के मुख्य द्वार के पास पहुँची ठीक उसी समय एक फोरचुनर कार संख्या यूके 08एक्यू 3940 जिसको उसका चालक तेजी व लापरवाही से चलाते हुये रूद्रपुर की ओर से लाया तथा अपनी साईड से जा रही पत्नी की मोटर साईकिल को पीछे से टक्कर मार दी उक्त दुर्घटना मे प्रार्थी की पत्नी सडक पर गिर गई और फोरचुनर कार के टायर के नीचे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गई जबकि बाइक चला रहा रमेश दूसरी तरफ गिर गया उसके भी हल्की चोटे आयी। उक्त घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, उसी दौरान पीछे से आ रहे गुरतेज सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी ग्राम अमरपुरी व सविन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम फतेहगंज तहसील गदरपुर के द्वारा घायल पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर लाया गया किन्तु गम्भीर चोटें होने के कारण उसे रूद्रपुर के लिये रेफर कर दिया जहां पहुँचते ही पत्नी की मौत हो गयी। देवेंद्र सिंह का कहना था कि अपनी पत्नी के दाह संस्कार व अन्य क्रिया कर्म में व्यस्त होने के कारण उक्त घटना की रिपोर्ट समय पर नही दे पाया था। देवेंद्र ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उक्त दुर्घटना को अंजाम देने वाले फोरचुनर कार के चालक के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने की माँग की है।

# जनपद की महिलाओं को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों पर हुई चर्चा

हल्द्वानी। शुक्रवार को जिला उद्योग केन्द्र हल्द्वानी में अध्यक्ष महिला उद्यमिता विकास परिषद उत्तराखंड रेनू




अधिकारी द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें जनपद की महिलाओं के स्वरोजगार एवं ऑनलाइन मार्केटिंग, बाजार की उपलब्धता आदि, के विषय में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से महिलाओं को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही यह भी विचार किया गया कि किस प्रकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। बैठक में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने तथा वित्तीय सहायता की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएँ चला रही है, जिनका लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उद्योग, दीपक मुरारी, उद्योग निदेशालय, पल्लवी गुप्ता, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ठोस रणनीति बनाने की दिशा में अपने विचार रखे और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

# समीक्षा बैठक में सीएमओ ने दिए क्षय रोग नियंत्रण के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें नि:क्षय पोषण योजना, नि:क्षय मित्र एवं नि:क्षय पोर्टल में अतिसंवेदशील डाटा इंट्री की अद्यतन स्थिति पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान सीएमओ द्वारा काशीपुर तथा जसपुर क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट कम होने पर रोष प्रकट किया गया तथा काशीपुर तथा जसपुर को अगामी बैठक में सत प्रतिशत प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया। बैठक में समस्त ब्लॉक द्वारा नि:क्षय पोर्टल पर की जा रही इंट्री को पूर्ण सत्यापित उपरान्त के उपरान्त ही पोर्टल में इंट्री किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक ब्लॉक एसएटीएस को लक्ष्य



निर्धारित किया गया है कि कम से कम 200 एक्सरें किये जाने है तथा प्रत्येक अक्रियाशील नि:क्षय मित्रों को प्रोत्साहित कर सक्रिय किया जाये। नि:क्षय मित्र सत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाये। बैठक में डा. केके अग्रवाल, डा. डीपी सिंह, डा. हरेन्द्र मलिक, डा. महेन्द्र कुमार जायसवाल, डा. संजय कुमार पाण्डे, डा. राहुल गौड़, हिमांशु मस्युनी, डीएस भण्डारी, चॉद मियाँ, नवल, शुभम, रीना, अभिनव द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# छात्राओ की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया

नानकमत्ता। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में 75% से अधिक प्राप्त करने वाली छात्रों की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार देकर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जोगिंदर सिंह संधू एवं सेक्रेटरी सरदार अमरजीत सिंह द्वारा कॉलेज की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की 75% से अधिक अंक लाने वाली 25 छात्राओं की माताओ को कमला नेहरू पुरस्कार के तहत एक 1000 की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया गया।



इस दौरान श्री संधू ने कहा कि छात्रों के साथ ही उनके परिजनों को सम्मानित करने से बच्चों का भी मनोबल बढ़ता है,साथ ही परिजनों के अंदर भी एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर सीता मेहता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजू सिंह, प्रधानाचार्य रविंदर कौर, बलजिंदर कौर, लीला रौतेला, जसविंदर कौर,हेमलता विष्ट, भारती कार्की,सिमरजीत कौर, मनप्रीत कौर आदि मौजूद थे।

# भरत मिलाप की लीला देख आँखें हुई नम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मंचन में भरत मिलाप की लीला का मंचन प्राचीन होलिका दहन स्थल में किया गया। अवधपुरी को फूलों से सजाया जाता है, खुशी की लहर हर नगर वासी में है,भगवान राजा राम आज माता जानकी और लखन लाल जी के साथ अयोध्या आ रहे हैं। भरत, शत्रुघ्न और तीनों माताओं ने उनका स्वागत किया। चारों भाइयों ने राजसी वस्त्र धारण किए और गुरु वशिष्ट ने भगवान का राज तिलक किया। संचालन समिति से विवेक कश्यप , अतुल अग्रवाल, तनुज गुप्ता,योगेश शर्मा, बसंत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र मुन्ना ने भगवान श्री राम का तिलक किया और सभी उपस्थित गणमान्य का स्वागत किया। रामलीला मैदान में रास लीला और मयूर नृत्य का सुंदर प्रदर्शन किया गया।



# पेड़ लगाएं धरती को बचाएं नारे संग बांटे पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्यावरण विद एवं पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी आशुतोष पंत द्वारा नैनीताल जिले में भीमताल ब्लॉक के बानना, पिनरौ और अमिया में फलों के पौधे नि:शुल्क भेंट किए गए। भाजपा नेता और प्रमुख समाजसेवी दिनेश खुल्बे ने विशेष सहयोग दिया। ब्लॉक के वरिष्ठ उप प्रमुख उमेश पलड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता तारा दत्त पांडे ने सभी जगह मौजूद रहे।




पिनरौ में राजकीय हाइस्कूल के प्रधानाचार्य पूरन सिंह रावत, अनिल आर्या व अन्य शिक्षकों का सहयोग मिला। अमिया में प्रधान पंकज मेहरा ने कार्यक्रम आयोजित करने में सहयोग दिया। यहां विधायक राम सिंह कैड़ा भी शामिल थे। हाइस्कूल पिनरौ के छात्रों को पर्यावरण संरक्षण विषय की विस्तृत जानकारी देकर पेड़ लगाने के साथ उन्हें बचाने और पॉलीथीन का प्रयोग रोकने का संकल्प दिलाया।

# उड़ान क्लब ने स्टार्ट इंस्टीट्यूट के विशेष बच्चों संग मनाया खुशियों का दिन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के स्टार्ट इंस्टीट्यूट (विशेष रूप से सक्षम बच्चों का विद्यालय) में शुक्रवार को उड़ान क्लब ने बच्चों के बीच



पहुँचकर खुशियाँ बाँटी। क्लब सदस्यों ने बच्चों के लिए रंग-बिरंगे खिलौने, केक, स्टेशनरी, जूस, स्नैक्स और उपहार लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों को दो समूहों में बाँटकर खेल और डांस प्रतियोगिताएँ कराई गईं, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विजेताओं को विशेष उपहार प्रदान किए गए। क्लब की चेयरपर्सन ज्योति गोयल ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उड़ान क्लब समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहेगा। वहीं प्रेसिडेंट प्रिया गर्ग ने कहा कि "समाज में खुशियों की रोशनी फैलाना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में नीतू गोयल, मुन्मुन डे, लवी जैन, सपना मित्तल, पूजा मित्तल, प्रियंका ठुकराल, रचना डांग और अनु कालरा सहित क्लब सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सदस्यों ने कहा कि इन मासूम बच्चों के साथ बिताया गया समय उन्हें सच्ची खुशी और संतोष का एहसास कराता है। उड़ान क्लब का यह प्रयास न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि असली खुशी बाँटने में है।



# वन्य जीव हमले में जनहानि पर सहायता राशि बढ़ाकर दस लाख होगी

## मुख्यमंत्री धामी ने किया वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ, सामूहिक प्रयासों से होगा वन्य जीवों और पर्यावरण का संरक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून जू में वन्य जीव प्राणी सप्ताह का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के हमले में होने वाली जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा संस्कृति में मानव और जीव-जगत के बीच एकात्म भाव के प्रतीक हैं। यही कारण है कि आदिकाल से वन्यजीवों का संरक्षण भारत की जीवन पद्धति का स्वाभाविक हिस्सा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की लगभग 14.77 प्रतिशत भूमि, 6 राष्ट्रीय उद्यानों, 7 वन्यजीव विहारों और 4 संरक्षण आरक्षित साथ राज्य सरकार वनों के प्राकृतिक स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने और वन्य जीवों को सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार इकोनॉमी, इकोलॉजी और टेक्नोलॉजी के बीच संतुलन स्थापित करते हुए विकास के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के लेकिन प्रकृति को नुकसान न पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सामूहिक प्रयासों से बाघ, गुलदार, हाथी, हिम तेंदुवे जैसे दुर्लभ वन्य प्राणियों की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। परंतु इनके साथ मानव- वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियाँ भी बढ़ रही हैं। इस संघर्ष को कम करने के लिए सरकार आधुनिक मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक लाख युवाओं को ''सीएम यंग ईको-प्रिन्योर'' बनाने की बात कही थी, अब ये स्कीम रंग ला रही है। इस स्कीम के अंतर्गत नेचर गाइड, ड्रोन पाइलट, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, ईकोटूरिज्म, वन्यजीव टूरिज्म आधारित कौशल कार्यों को एक उद्यम के रूप में परिवर्तित किए नारा नहीं, बल्कि धरती मां को बचाने का एक मंत्र है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले सभी पर्यटकों से ये आह्वान करते हुए कहा कि वे जब भी जंगल सफारी या किसी धार्मिक पर्यटन स्थल पर जाएं तो वहां गंदगी न फैलाएं। इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वन और वन्य जीवों को बचाना हम सबकी







कि वन्यजीव हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं, हमारे देवी-देवताओं ने भी इनके साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया है। मां दुर्गा का वाहन शेर, गणेश जी का वाहन मूषक, मां सरस्वती का हंस, भगवान कार्तिकेय का मोर, लक्ष्मी जी का उल्लू और देवाधिदेव महादेव के कंठ पर विराजमान नागराज और साथ बैठे नंदी हमारी सनातन क्षेत्रों के रूप में संरक्षित है, जबकि पूरे देश में ये अनुपात मात्र 5.27 प्रतिशत ही है। ये अंतर हमारे राज्य की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की हरियाली और इसमें स्वच्छंद विचरण करते वन्य जीव वर्ष भर देश-विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ - संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग से कहा कि हर जिले में कम से कम एक नए पर्यटन स्थल की पहचान करते हुए उसे विकसित करें, साथ ही बिना प्राकृतिक स्वरूप को बदले, उसे पर्यटकों के लिए सुलभ बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नए इको-टूरिज्म मॉडल पर काम चल रहा है, ताकि लोग जंगलों से जुड़ें, तकनीक और वैज्ञानिक उपायों का उपयोग कर रही है। वन विभाग को ड्रोन और जीपीएस की तकनीकी सुविधा दी जा रही है, ताकि वन्यजीवों की निगरानी और सुरक्षा और बेहतर ढंग से हो सके। स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं, ताकि वे जंगलों की रक्षा और वन्यजीवों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बन सकें। जाने की दिशा में काम आगे बढ़ चुका है। इस सबके साथ- साथ अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में छात्रों के लिए इको क्लब के जरिए वन्यजीवों से संबंधित शैक्षिक यात्रा के आयोजन भी कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व मंच से लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट का आह्वान किया है जो मात्र एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी, इकोलॉजी और टैक्नोलॉजी के मेल से ही प्रदेश आगे बढ़ सकता है। इस मौके पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बसंल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक श्री समीर सिन्हा, प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव श्री रंजन कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## अतिक्रमण एवं महिला सुरक्षा को प्रशासन ने दिखाई सख्ती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे बाजार क्षेत्र, बस अड्डा परिसर एवं सदर बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किया गया। इस दौरान 50 से अधिक अतिक्रमणों को हटाया गया।विभिन्न दुकानदारों एवं फुटकर विक्रेताओं द्वारा सार्वजनिक मार्ग एवं बाजार क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाया गया। टीम ने स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों को यह स्पष्ट निर्देशित किया कि मुख्य मार्ग, फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, टीम द्वारा बाजार क्षेत्र के पार्क का रात्रि समय में भी निरीक्षण किया गया। महिला सुरक्षा से संबंधित प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर, पार्क में असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए गए व्यक्तियों एवं कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई तथा उन्हें तत्काल ही फुटपाथ साफ करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बाजार क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों में वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु सदर बाजार क्षेत्र में सरकारी वाहनों को चलाकर परीक्षण किया गया। ताकि यह परखा जा



सके कि एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहन सुचारु रूप से गुजर सकें। नागरिकों में जागरूकता लाने एवं नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु नगर निगम द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र में घोषणाएं कराई जा रही हैं। जिनमें अतिक्रमण न करने, सफाई बनाए रखने तथा सार्वजनिक व्यवस्था का पालन करने की अपील की जा रही है। इस अभियान में गोपाल चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट, ऋचा सिंह, नगर आयुक्त, राहुल शाह उप जिलाधिकारी तथा नगर निगम की टीम सम्मिलित रही।प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियाँ आमजन की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। अतः सभी को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान एवं निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## अचल प्रतिष्ठा समारोह में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री चक्रेश्वरी ललितांबा त्रिपुर सुन्दरी मां राजराजेश्वरी की अचल प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रातः कालीन वेला से आरम्भ होकर सायंकालीन महानीराजन महाआरती तक विभिन्न अनुष्ठानिक विधियां संपन्न हुई। सर्व प्रथम प्रातः देवता प्रबोधन मण्डपस्थ आवाहित स्थापित देवताओं सहित स्थाप्यमान देवताओं का सांगोपांग पूजन, विविध औषधीय द्रव्य युक्त अष्टोत्तर शत कलशों से महास्नपन सहस्त्रधारा से महास्नपन, तत्व होम,शांतिक पौष्टिक होम, मूर्ति मूर्त्यधिपति लोकपाल देवता होम स्थापित स्थाप्यमान देवता होम,व्याहृति होम,शय्याधिवास सहित विशेष श्री यंत्र सहित समस्त आवाहित दश महाविद्याओं के तत्व न्यास सायं पूजा आरती, मंत्रा आशीर्वाद की विधि आचार्य शांतिलाल आत्मज यज्ञाचार्य प्रफुल्ल भाई दवे मुंबई निवासी के निर्देशन में तथा आचार्य के कृपापात्र शिष्य हरिद्वार से आए वेदपाठी भुवन चंद्र पनेरू सहित काशी के विद्वान वेदपाठी श्रमम्म दत्रात्रेय नारायण रटाटे,एवं वेदपाठी भवदीप दवे, वेदपाठी रमेश गौर, मैसूर वालों सहित विभिन्न प्रदेशों से आएं हुए समस्त



वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा मंदिर के व्यवस्थापक महंत पूरन चंद्र पाठक के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।आज शुभ मूहूर्त में दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा विधि विधान से संपन्न हुआ और दोपहर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया।यज्ञ समिति के समस्त आयोजकों सहित मुख्य जजमान पुरनचंद पाठक, संजय अग्रवाल, मुकेश बोरा, गौरव मेहरा, दीपचंद किरोला, राजेंद्र नेगी, सुभाष चंद्र कांडपाल, लाल बाबू यादव, वरांश शर्मा, अतुल गुप्ता, दीपचंद तिवारी, खिमानंद बृजवासी, रक्षित संवर, शिवांश सती, रोहित साहू, हरेंद्र त्रिपाठी, मनीष तिवारी, हेमचंद कोठारी, अमन पांडे, मन्नत कौर, देवयानी शर्मा, प्रियांशी भट्ट पाठक आदि मौजूद रहे।

# जागेश्वर धाम में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## आईजी ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी सीधा संवाद किया और व्यवस्थाओं को लेकर उनके सुझावों व समस्याओं को गंभीरता से सुना







अल्मोड़ा। जागेश्वर धाम में आस्था और सुरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब कुमाऊँ परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने मंदिर परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्र, प्रवेश द्वारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि "हर श्रद्धालु का अनुभव सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण हो यही हमारी प्राथमिकता है।" उन्होंने धार्मिक और पर्यटक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को व्यापक और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। आईजी अग्रवाल ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरों की सघन निगरानी और नियमित पेट्रोलिंग जैसे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ किया कि सुरक्षा के क्षेत्र में सतर्कता और तकनीक का समन्वय ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जागेश्वर धाम के दौरे के दौरान आईजी ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी सीधा संवाद किया और व्यवस्थाओं को लेकर उनके सुझावों व समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय प्रशासन, मंदिर प्रबंधन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय से ही श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिल सकता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को संबोधित करते हुए आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अपील की कि वे पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, अनुशासन बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा हम श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि कोई असुविधा न हो। धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जागेश्वर धाम की गरिमा बनाए रखने की अपील करते हुए उन्होंने सभी से स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पवित्र स्थलों पर गंदगी फैलाना न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक छवि को भी नुकसान पहुंचाता है। दौरे के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस चौकी के भवन का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा हो। इस अवसर पर अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पींचा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# महापौर और एमएनए का जोरदार अभिनंदन

## 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' मिलने पर नगर निगम में मना जश्न

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर निगम रूद्रपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' प्राप्त होने पर शुक्रवार को नगर निगम में नगर निगम कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों, पार्षदों और नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने खुशियां मनाते हुए इस बड़ी उपलब्धि के लिए महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल का जोरदार अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। महापौर ने इस उपलब्धि का श्रेय नगर निगम से जुड़े सभी कर्मचारियों और पार्षदों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम रूद्रपुर को बीते 1 अक्टूबर को देहरादून में मुख्य सेवक सदन में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अटल निर्मल नगर पुरस्कार के रूप में 35 लाख की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया था। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री से महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने प्राप्त किया। नगर निगम रूद्रपुर को यह पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में निर्धारित मानकों के आधार पर नगर निगम रूद्रपुर को नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रदान किया गया।महापौर विकास शर्मा के कार्यभार संभालने के बाद नगर निगम को यह तीसरा बड़ा पुरस्कार मिला है। जिसकी खुशी में शुक्रवार को नगर निगम के पार्षद, कर्मचारी सफाई कर्मचारी और नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने नगर निगम के सभागार में एकत्र होकर खुशी मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। इस उपलब्धि के लिए सभी ने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को फूल मालाओ से लादकर जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरे नगर निगम परिवार को दिया। महापौर ने कहा कि उन्हें नगर निगम में जिम्मेदारी संभाले हुए सात माह हो चुके हैं। पहले दिन से ही नगर निगम से जुड़े हर व्यक्ति को परिवार का सदस्य मानकर हम लगातार काम कर रहे हैं। हमारे टीम वर्क का ही परिणाम है कि आज हमारी कोशिशें लगातार रंग ला रही है। हमें लगातार शहर को संवारने और सजाने में सफलता मिल रही है। अम जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने की निरंतर कोशिश में लगे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आशीर्वाद और मार्ग दर्शन भी हमें लगातार मिल रहा हैं। सीएम धामी की भावनायें रूद्रपुर शहर से पहले से ही जुड़ी हुयी हैं। जब भी उनसे मुलाकात होती है तो वह शहर के बारे में जानकारी अवश्य लेते हैं। उनके इसी लगाव के कारण रूद्रपुर नगर निगम से जो भी शासन को प्रस्ताव जा रहे हैं, उन पर प्राथमिकता से काम हो रहा है। हमने नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग की जगह नया भवन बनाने का आग्रह भी सीएम धामी से किया था, जिसकी जल्द मंजूरी मिलने जा रही है। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए हमें 25 वाहन और मिलने जा रहे हैं। सीएम धामी के आशीर्वाद से रूद्रपुर शहर के लिए आठ आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने जा रहे हैं, जिनमे से पहला केन्द्र सिंह कालोनी में शुरू हो चुका है, जल्द ही शहर के अलग अलग स्थानों पर सात स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित कर दिये जायेंगे। इससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आम गरीब तबके को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को इस तरह स्थापित किया जायेगा ताकि इसका प्रत्येक केन्द्र का लाभ करीब 5-6 वार्डों की जनता को मिल सके। महापौर ने कहा हम शहर के समग्र विकास के लिए मिलजुलकर प्रयास कर रहे हैं। साथ ही सभी त्यौहारों को भी एक परिवार की तरह एक साथ मिलकर मनाते आ रहे हैं आगामी दिनों में भगवान वाल्मीकि की जयंती को भी हम वृहद स्तर पर मनायेंगे। नगर निगम द्वारा वाल्मीकि जयंती पर निकलने वाली शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। इस अवसर पर नगर निगम परिसर में स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा साथ ही विशाल भंडारा भी आयोजित किया जायेगा। महापौर ने भविष्य में इस मंदिर को भी भव्य बनाये जाने की घोषणा की। इस अवसरपर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि नगर निगम को प्राप्त हुआ यह पुरस्कार सभी के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब से मेयर के रूप में महापौर विकास शर्मा और नये बोर्ड ने कार्यभार संभाला है तब से नगर निगम में सब कुछ शुभ हो रहा है। एक के बाद एक नगर निगम को पुरस्कार मिले हैं साथ ही नगर निगम ने शहर के विकास में भी कई उपलब्धियां भी हासिल की है। नगर आयुक्त ने कहा कि सभी के प्रयासों से ही ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मिलने के बाद अब हम सबकी जिम्मेवारी और बढ़ गयी है, हमने इस जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाना है और शहरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं के साथ साथ कर्मचारियों की समस्याओं का भी हम पूरा ध्यान रख रहे हैं। महापौर जी के सामने कर्मचारियों से जुड़ी जो भी समस्याएं रखी गयी है, उनका समाधान हुआ है आगे भी जो समस्याएं आयेंगी उन्हें भी निस्तारित किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पार्षद संघ के अध्यक्ष राजेश जग्गा, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी रणदीप, राधेश शर्मा, पार्षद पवन राणा,चिराग कालड़ा, कैलाश राठौर, महेन्द्री शर्मा,एमपी मौर्या, मुकेश रस्तौगी सचिन गुम्बर, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सोनू मुल्मानी, अंकित आदिवासी, सुनील, मुकेश चौधरी, अनिल तने, संदीप आजाद, सूरज आजाद,सुरेन्द्र, रितिक, मुकेश चौहान,जिया लाल,सुनील रोहतगी, ठेकेदार अंकुश उपाध्याय, शेखर जुयाल, गौरव जुयाल, भोला सुखीजा, अरशद खान आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे






## शहीद देव बहादुर के घर-ऑगन से किया मिट्टी का संग्रह

किच्छा। शहीद सम्मान यात्रा-2.0 के अन्तर्गत ग्राम गौरीकला किच्छा के शहीद देव बहादुर के घर-ऑगन से शहीद के पिता शेर बहादुर, माता लक्ष्मी देवी, भाई किशन, अनुज, क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह धोनी, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से0नि0),पूर्व सैनिक आदि लोगों द्वारा ताम्र कलश में सम्मानपूर्वक मिट्टी संग्रह किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से0नि0) ने बताया कि 04 अक्टूबर 2025 तक शहीद सम्मान यात्रा के अंतर्गत शहीद सम्मान यात्रा-2.0 तथा 05 अक्टूबर 2025 को जनपद पौड़ी के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा तथा भव्य समारोह में मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शहीद सैनिकों के आश्रितो को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के शहीदों के घर-आँगन से ताम्र कलशों में मिट्टी का संग्रहण कर उसे देहरादून स्थित शौर्य स्थल (सैन्यधाम) ने में प्रतिस्थापित किया जायेगा। जिनकी मिट्टी वर्ष 2021 में आयोजित यात्रा के दौरान एकत्रित नहीं हो पाई थी, साथ ही वर्ष 2021 के पश्चात शहीद हुए के घर/आँगन की मिट्टी को भी संग्रहित कर सम्मानपूर्वक प्रतिस्थापित करना है। श्री कोठारी ने बताया कि 04 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय से शहीद सैनिकों के घर के आँगन की मिट्टी का फ्लैग ऑफ कर यात्रा पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट के लिए रवाना किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 05 अक्टूबर को लैंसडाउन के कार्यक्रम में प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर शहीद के परिजन अनीता, गीता, दीप शिखा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सैनिक कल्याण महेश चन्द्र भट्ट, सूबे0 मेजर सुन्दर सिंह, अजय कुमार, पुष्कर दत्त, आकाश कुमार, सुदर्शन बोरा, कुन्दन राम सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक आदि मौजूद थे।





## स्थापना दिवस पर आरएसएस कार्यकर्ताओं ने किया पथ संचलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हल्द्वानी नगर की शाखा वीर हकीकत राय की ओर से संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दमुआदूंगा मैं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर संघ के स्वयं सेवकों ने पथ संचलन भी किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता श्रीमान डॉ.नरेंद्र, सह विभाग प्रचारक नैनीताल विभाग का उद्बोधन प्राप्त हुआ। डॉ. महेंद्र की अध्यक्षता मैं सह



विभाग प्रचारक ने संघ के इतिहास के बारे में और संघ की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोंगो को संघ में चल रहे पंच परिवर्तन (समरसता , कुटुंब प्रबोधन , पर्यावरण, स्व, नागरिक कर्त्तव्य)के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिला संघ चालक डॉ. नीलाम्बर भट्ट, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख सूरज, नगर सेवा प्रमुख गिरीश, उपनगर कार्यवाह नितिनं, जगदीश,हेम,नरेश, अनिल, महेश आदि रहे।

## मजदूरों को दिया समर्थन

रुद्रपुर ।गाँधी पार्क में अपेक्स बिल्डसिस लिमिटेड एरा कंपनी सिडकुल पंतनगर, द्वारा अपने 102 स्थाई कर्मचारियों मजदूरों की बहाली की मांग को लेकर मजदूर सत्याग्रह किया जा रहा है, इधर स्थाई मजदूरों की सवेतन बहाली की मांग को समर्थन करने के लिए ब्रहस्पतिवार का पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री, श्रीमती मीना शर्मा, गाँधी पार्क पहुंची, यहाँ उन्होंने मजदूरों को अपना संपूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए कहा की वह हर बक्त उनकी लडाई में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने मजदूरों को आश्वस्त किया की ये लडाई सिर्फ मजदूरों की नही है, ये लडाई हमारी भी है, और वह स्वम् इस लडाई में मजदूरों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।



## पुरस्कार वितरण के साथ पीएसी स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी के 55वे स्थापना दिवस का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं व पुरस्कार वितरण के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी तथा पंकज भट्ट, सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी द्वारा समापन समारोह का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों, मेरठ के स्पोर्ट्स का सामान, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ट पकवा, वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये गये। डीएम नितिन भदौरिया ने मेले में भ्रमण कर कई सामान भी खरीदा। वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम एवं वाहिनी की महिला पुलिस कर्मियों/ पुलिस मार्डन स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेला परिसर के माहौल को और भी संगीतमय व मनमोहक बना दिया। जिसकी सभी के द्वारा बहुत प्रशंसा की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरण किये गये। सायंकाल मेंविभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रशिक्षणाधीन हेड कांस्टेबल तथा महिला वर्ग में वाहिनी परिसर की महिलाओं द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। समारोह के मुख आकर्षण लक्की ड्रॉ में विजेताओं को कई आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर मिथिलेश कुमार सिंह, उप सेना नायक, तपेश कुमार चन्द, सहायक सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी, राकेश माहरा, शिविरपाल, भूपेश पाण्डेय, आरआई आरटीसी, गिरीश चन्द्र जोशी, दलनायक, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, प्लाटून कमाण्डर श्रीमती दीपा कर्नाटक, श्रीमती गीता उप्रेती, राकेश अटियाल, कौशल नरेश शाह व समस्त दल के दलनायक अधिकारी/ कर्मचारी तथा समस्त 31वी वाहिनी पीएसी परिवार उपस्थित रहा।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आर्थिक उतार-चढ़ावों का दौर

देश में केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों के संबंध में जो फैसला लिया जाता है, उसका असर मुख्यत: बाजार में ऋण चुकाने के लिए मासिक किस्तों पर किसी वस्तु की खरीदारी से लेकर जमीन-जायदाद के कारोबार पर भी पड़ता है। इसलिए जब भी रेपो दरों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है, तब इसे लेकर आम लोगों के बीच उत्सुकता रहती है। हालांकि ज्यादातर साधारण लोगों को अर्थव्यवस्था के जटिल नियम-कायदों से बहुत वास्ता नहीं होता और वे ऐसे फैसलों के अमल के बाद बनने वाली स्थितियों पर निर्भर रहते हैं कि उनकी जेब ढीली होगी या उन्हें राहत मिलेगी।गौरतलब है कि बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई कि इस बार भी नीतिगत दरों में में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीते अगस्त की तरह अक्तूबर में ब्याज दर को 5.5 फीसद पर ही यथावत रखा गया है। कहा जा सकता है कि त्योहारों के इस मौसम में अगर लोगों को अतिरिक्त राहत नहीं मिली है, तो कोई बड़ा झटका भी नहीं लगा है। हालांकि पिछले कुछ समय से भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह की अनिश्चितता बनी हुई है, उसमें आम लोगों का आशंकित होना स्वाभाविक है। दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने की नीति पर कदम बढ़ाने के बाद भारत सरकार ने आंतरिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को संभालने और आम लोगों को राहत देने के लिए जिस तरह माल एवं सेवा कर के ढांचे में बदलाव करने सहित कुछ अन्य कदम उठाए, उसमें रेपो दरों को लेकर भी लोगों के बीच यह उम्मीद बंधी थी कि इसमें भी कोई राहत का संदेश आएगा। मगर केंद्रीय बैंक की ओर से इसे यथावत रखने की घोषणा के बाद अब संभव है कि लोगों को अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा संतुलन का ध्यान रखना होगा। इससे पहले इस वर्ष रेपो दरों में तीन बार कटौती के साथ इसमें सौ आधार अंकों की कमी की जा चुकी है। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ावों का सामना करने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी चुनौतियां खड़ी हैं, उसमें स्थिरता बनाए रखने के उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद मिल सकती है। केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को लेकर जो फैसले लिए जाते हैं, उसके तहत अगर इसमें कमी की जाती है, तो उसे मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है। ऋण का सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर निर्भर करता है। इसका सीधा और पहला असर वैसे उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन या अन्य सामान या फिर शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया होता है। चूंकि रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरों का निर्धारण करते हैं, इसलिए वैसे लोग भी रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में कमी किए जाने का इंतजार करते हैं, जो कर्ज सस्ता होने के बाद कुछ खरीदने या कहीं निवेश करने के बारे में सोच रहे होते हैं।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# मानवाधिकार हनन तथा भेदभाव पूर्ण व्यवहार का मूल कारण भ्रष्टाचार

## भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के बगैर देश का विकास, शांति तथा सुरक्षा संभव नहीं

काशीपुर। देश भर में बढ़ रहे सरकारी अधिकारियों के असंवैधानिक भेदभाव पूर्ण व्यवहार तथा मूल अधिकार व मानवाधिकार हनन का मूल कारण भ्रष्टाचार है। इस पर पूर्ण नियंत्रण के बगैर देश का विकास, शांति तथा सुरक्षा संभव नहीं है। इसके लिये कानून के अनुसार भ्रष्टाचारियों को कड़ी सजा तथा भ्रष्टाचार से कमाई उनकी सभी सम्पत्तियों को राष्ट्र को दिलवाना आवश्यक है। उक्त उदगार भ्रष्टाचार नियंत्रण, मानवाधिकार संरक्षण, सूचना अधिकार सहित 45 कानूनी जागरूकता पुस्तकें के लेखक व सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने भ्रष्टाचार नियंत्रण पुस्तक नये अपराधिक कानून अपडेट सहित आम जनता के लिये जारी करते हुये व्यक्त किया। श्री नदीम ने बताया कि भारत में लागू कानून के अन्तर्गत भ्रष्टाचारी को न केवल जेल की सजा हो सकती है, बल्कि उसकी अवैध कमाई तथा उससे कमाई गयी सारी सम्पत्ति भी जब्त हो सकती है तथा आयकर व पैनल्टी के रूप में भी उससे जितनी उसने सम्पत्ति कमाई है उससे भी अधिक चुकानी पड़ सकती है। श्री नदीम ने स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार भ्रष्टाचारी केवल रिश्वत लेने वाला ही नही है, बल्कि देने वाला तथा प्रभाव का प्रयोग करने वाला तथा आय के अनुपात से अधिक सम्पत्ति रखने वाला तथा पद का दुरूपयोग करके किसी व्यक्ति को अवैध लाभ पहुंचाने वाला भी हैं। भ्रष्टाचारी केवल भ्रष्टाचार नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध ही नहीं करते बल्कि बी.एन.एस. (पहले आई.पी.सी.) में उल्लेखित विभिन्न अपराध भी करते हैं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि अगर कोई पुलिस कर्मी अवैध रूप में किसी व्यक्ति को केवल वसूली के लिये घर या किसी स्थान से लेकर आता है तो यह बी.एन.एस. की धारा 140(2) के अन्तर्गत मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास से दण्डनीय फिरौती के लिये अपहरण या व्यपहरण का अपराध है। इसी प्रकार किसी गिरफ्तार/हिरासत में लिये व्यक्ति से धन प्राप्ति या पूछताछ के लिये मारपीट की जाती हैं तो यह साधारण चोट मारने पर धारा 120(1) के अन्तर्गत सात वर्ष तथा गंभीर चोट मारने पर 120(2) के अन्तर्गत दस वर्ष तक की सजा से दण्डनीय गंभीर अपराध है। अगर किसी व्यक्ति को झूठे मुकदमें तथा नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर डर दिखाया जाता है या धन प्राप्त किया जाता हैं तो यह रंगदारी के अपराध की श्रेणी में आता है। श्री नदीम ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के कारण ही विभिन्न भ्रष्ट अधिकारी मलाईदार पोस्टिंग पाने तथा उस पर बने रहने के लिये अपने राजनैतिक आकाओं को अवैध रूप से खुश करने का प्रयास करते हैं और इसके लिए वह कर्मचारी आचरण नियमावली तथा कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करके उन्हें राजनैतिक लाभ पहुंचाने के लिये जनता के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार तथा मूल अधिकार तथा मानवाधिकार हनन करते है और वह यह भूल जाते है कि देश व ईश्वर का न्याय सबके लिये बराबर है और प्रत्येक धार्मिक व्यक्ति मानता हैं कि कर्मों का फल उसे लोक/परलोक में अवश्य मिलेगा। श्री नदीम द्वारा लिखित ''भ्रष्टाचार नियंत्रण'' पुस्तक 2005 में प्रकाशित हुई है। इसमें भारतीय दंड संहिता की 171 तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता की 10 धाराओं का उल्लेख है। श्री नदीम की एल एल.बी. की कॉलेज टॉपर रही सुपुत्री नीलिमा नदीम एडवोकेट ने इसके नये अपराधिक कानून अपडेट को लिखा है जिसमें इस पुस्तक में उल्लेखित धाराओं से सम्बन्धित नये अपराधिक कानूनों, बी.एन.एस. तथा बी.एन.एस.एस. की धाराओं का तुलनात्मक विवरण हैं। भ्रष्टाचार नियंत्रण पुस्तक के अध्यायों में भ्रष्टाचार के कारण व हानिया, भ्रष्टाचार नियंत्रण के उपाय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत सजायें, भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत सजायें, आयकर कानून में भ्रष्टाचारियों के लिये प्रावधान, सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के प्रावधान, सरकारी कर्मचारियों पर फौजदारी मुकदमा तथा भ्रष्टाचारियों को सजा कैसे दिलाये अध्याय शामिल है। अन्य प्रमुख पुस्तकों के समान श्री नदीम की आपराधिक कानून अपडेट सहित यह पुस्तक अमेजॉन पर देश भर के लोगों के लिये उपलब्ध है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पार्किंग परियोजनाओं की समीक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद् के उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने आवास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पार्किंग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी । उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में श्याम अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे दुर्बल आवासीय परियोजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन केंद्र व राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाना सुनिश्चित करते हुए लाभार्थी का सत्यापन मौके पर जाकर किया जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि वह स्वयं प्रधानमंत्री आवास योजना की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इस संबंध में प्राधिकरणों को निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने परियोजनाओं के निर्माण के समय पर्यावरणीय बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि




शेल्टर फंड के माध्यम से विकास प्राधिकरणों को प्राप्त होने वाली धनराशि को उसी मद में व्यय किया जाए। श्री अग्रवाल ने विकास प्राधिकरण का स्तर लैंड बैंक बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक पार्किंग परियोजनाओं का प्राधिकरण स्तर से निर्माण किया जाए। इस कार्य के लिए उचित भूमि का चयन किया जाए और जब तक परियोजना हेतु भूमि का स्पष्ट चयन न हो, तब तक डीपीआर ना बनायी जाए, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास एवं पार्किंग परियोजना के संबंध में आ रही समस्याओं हेतु शासन तथा सरकार स्तर पर बात रखी जाएगी। उन्होंने ऑटोमेटिक पार्किंग के निर्माण पर बल देते हुए कहा कि ऑटोमेटिक पार्किंग सीमित स्थान पर बनाए जाने हेतु उपयोगी है, शहरों में इस प्रकार की पार्किंग को बढ़ावा दिया जाए । उन्होंने बताया कि देहरादून में कोरोनेशन अस्पताल तथा परेड ग्राउंड में ऑटोमेटिक पार्किंग की शुरुआत की गई है जिससे शहर वासियों को राहत मिली। इस अवसर पर दिनेश प्रताप सिंह संयुक्त मुख्य प्रशासक उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण / अपर आयुक्त, उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद ने उपाध्यक्ष जी का बैठक में प्रतिभाग किये जाने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बैठक में श्री राजन सिंह अधीक्षक अभियंता, कैलाश चंद पांडे कार्यक्रम प्रबंधक उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण सहित प्राधिकरणों स्तर से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया।

# पेरिस जलवायु समझौता हुआ नाकाम!

जलवायु परिवर्तन की एक नई रपट ने चेतावनी दी है कि पेरिस जलवायु समझौते के दस साल बाद भी कई देश जीवाश्म ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्पादन अंतराल रपट 2025 के अनुसार, अनेक देशों की सरकारें 2030 तक कोयला, तेल और गैस के उत्पादन की योजना बना रही हैं, जो वायुमंडल की तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए जरूरी ईंधन से दोगुने से अधिक हो सकता है। यह उत्पादन लक्ष्य से 120 प्रतिशत अधिक और 2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि के लक्ष्य से 77 प्रतिशत अधिक है।पेरिस समझौता 2025 में 10 साल पूरे कर रहा है। इसके अंतर्गत देशों ने तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित रखने और इसे दो डिग्री से बहुत नीचे रखने के प्रयास की प्रतिबद्धता जताई थी। दुबई में आयोजित हुए सीओपी 28 में सरकारों ने 'ऊर्जा प्रणालियों में जीवाश्म ईंधन से दूसरे स्रोतों की ओर जाने' के आवाहन पर सहमति व्यक्त की थी। स्टाकहोम एनवायरमेंट इंस्टीट्यूट (एसईआई) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट एनालिटिक्स (यूएनईपी) की रपट के अनुसार जीवाश्म ईंधन का उपयोग कम करने की बजाए सरकारें अब सामूहिक रूप से 2035 तक कोयला उत्पादन, 2050 तक गैस उत्पादन और सदी के मध्य तक तेल उत्पादन में निरंतर वृद्धि की योजना बना रही हैं। अतएव कहा जा सकता है कि व्यतीत हो चुके समय की भरपाई के लिए आने वाले दशकों में जीवाश्म ईंधन उत्पादन में और भी तेजी से कमी लानी होगी।भारत, अमेरिका, चीन, रूस, सऊदी अरब और आस्ट्रेलिया सहित 20 प्रमुख उत्पादकों को शामिल करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चला है कि 17 देश अभी भी 2030 तक एक जीवाश्म ईंधन का उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। अर्थात कोयला, तेल या गैस का उत्पादन दो साल पहले की तुलना में कहीं अधिक होगा। रपट में बताया है कि 2030 तक कोयला उत्पादन 1.5 डिग्री सेल्सियस के अनुरूप स्तर से 500 प्रतिशत अधिक होगा, तेल 31 और गैस का उत्पादन 92 प्रतिशत से अधिक होगा। जबकि वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 2040 तक कोयले का उपयोग लगभग समाप्त करने और 2050 तक तेल एवं गैस उत्पादन में तीन चौथाई कटौती की प्रतिबद्धता जताई थी। धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए प्रतिवर्ष एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है की पिछली बैठक सीओपी 28वीं दुबई में संपन्न हुई थी। पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता जताई थी। लेकिन वास्तव में अभी तक 56 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इनमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन जापान और भारत भी शामिल हैं। लेकिन रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण और नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जाना था, वह उम्मीद के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उन्हें रूस द्वारा गैस देना बंद कर दिए जाने के बाद फिर से चालू करने की तैयारियां हो रही हैं। ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने, ठंड से बचने और उजाले के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। अतएव धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरुआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एक राय होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। लेकिन वर्तमान में चल रहे दो भीषण युद्ध ने हालात बदल दिए हैं। नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया हुआ है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी इससे बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा।




**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# बुराईयों का नाश करने का संदेश देती है दुर्गा पूजाः ठुकराल

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में धर्म नगर खानपुर नंबर दो एवं ग्राम पिपलिया नंबर एक में आयोजित श्री श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा में प्रतिाग कर विधिवत पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा की आरती कर समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विध ायक को आयोजकों ने माता की चुनरी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री ठुकराल ने कहा शक्ति की उपासना का यह पर्व हम सभी के जीवन में आस्था, आत्मबल और एकता का संदेश लेकर आता है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का उत्सव भी है। उन्होंने आगे कहा आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर की बुराइयों का नाश कर, सच्चाई, सेवा और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ें। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के माध्यम से जिस भव्यता और श्रद्धा का वातावरण यहां निर्मित हुआ है, वह प्रशंसनीय है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। धर्मनगर खानपुर नंबर 2 में आयोजित कार्यक्रमम में समाजसेवी संजय ठुकराल, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, गगन ग्रोवर, रुद्रा , दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष किशोर कुमार, उपाध्यक्ष राकेश हालदार, सचिव कृष्ण बसु, दुलाल मलिक, विजय सिकदार, चमन सिंह, गुरमीत सिंह, विजय हालदार, अपूर्व सिकदार, मनोज चौधरी, तपन सिकदर, अरविंद विश्वास, भक्त दास सिकदर, सुकुमार सरकार, सुमंगल सरकार, दीपक गायन, अमृत सिकदर, शिवा मलिक, सुभाष बाला, शुभम सरकार, सूरज सिकदर, परमजीत मिस्त्री, अशोक शील, आकाश सरदार, तपन सिकदर, श्रीमती सावित्री मलिक, रामपद सरकार, विजय सिकदर, आदि मौजूद रहे। जबकि पिपलिया नंबर 1 में आनंद शर्मा, बर्जन मंडल, अमरकोली, गगन ग्रोवर,प्रशांत मुखर्जी ,करण सिंह, महानंद मंडल, विजय विश्वास, कृष्ण लाल, बरीत सिंह, महानंद मंडल, जीवन राय, मनोज राय, रामपद राहा, मीरा विश्वास, कनिका घोष आदि मौजूद रहे।





# दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दिनेशपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र भर में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम है। मेले में स्थानीय कलाकारों के अलावा विभिन्न स्थानों के लोक कलाकार रंगमंच पर अपने अभिनय की छाप छोड़ रहे हैं। गुरुवार रात कार्यक्रम का शुभारंभ गदरपुर भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं को दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष रोहित मंडल एवं उनके टीम के द्वारा सम्मानित किया गया। संगीत संस्था स्वीट एंजल ग्रुप के बच्चों ने मां दुर्गा एवं धार्मिक गीतों पर नृत्यकर कार्यक्रम स्थल पर बैठे तमाम अतिथि एवं दर्शक को भाव विभोर कर दिया। वहीं शनिवार देवरात्रि दुर्गा पूजा मंच पर कलाकारों के द्वारा सामाजिक जात्रा गान रूपवान की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। इस जात्रा गान को देखने के लिए बीते एक वर्ष से क्षेत्र के बांग्ला भाषी लोगों ने इंतजार किया है। यहां उत्सव कमेटी अध्यक्ष रोहित मंडल, गोविंद मंडल, सुकुमार सरकार, आदित्य मल्लिक, अनादीरंजन मंडल, डॉ. सोनू विश्वास, असीत चक्रवर्ती, कृष्णानंद महाराज, राजू गाइन, ममता हालदार, सीमा सरकार, नीतू मंडल, सविता बैरागी, राधा विश्वास, सुनीता मिस्त्री, श्रति राय, प्रभा राय, लक्ष्मी सरकार, लक्ष्मी राय, मीना मंडल, उर्वशी राय, सुनीता मंडल, देवव्रत, रंजीत मंडल, परीक्षित कुमार, तपन सरकार, दीपांकर राय, डॉ. दीपांकर मंडल, श्वेता गोस्वामी, रिंकी ढाली, कृतिका चक्रवर्ती, बृजेंद्र कुमार, सुजय मंडल, संजीव हलदर, विक्की राय, अनुकूल सरकार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज राय उर्फ मुन्ना एवं मृत्युंजय सरकार ने किया।



# तमंचा और कारतूस के साथ संदिग्ध दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सामिया लेक सिटी कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक दिल्ली का निवासी है, जो पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यह युवक अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है और लोगों को धमका रहा है। थाना रुद्रपुर के उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह मेहता, जो अपने निजी वाहन से तेल मिल क्षेत्र में गश्त पर थे, को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति रवि यादव, जो सामिया लेक सिटी कॉलोनी के पीछे वाली सड़क से आ रहा है, के पास अवैध तमंचा है। मुखबिर ने यह भी बताया कि उक्त व्यक्ति का कॉलोनी में किसी से झगड़ा हुआ था और उसने धमकी दी थी कि वह तमंचा लाकर सबक सिखाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रवि यादव पुत्र समय पाल निवासी ए-165 न्यू अशोक नगर, दिल्ली (वर्तमान में बी-137, रोज विला, सामिया लेक सिटी, रुद्रपुर) बताया। तलाशी में उसके जींस की बेल्ट में एक तमंचा 315 बोर और जेब से चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में रवि यादव ने बताया कि वह पहले दिल्ली के न्यू मयूर विहार थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है और अब रुद्रपुर में रह रहा है। उसका कॉलोनी में विवाद हो गया था, जिसके बाद वह लोगों को डराने के लिए तमंचा लेकर निकला था।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## पेज एक का शेष...

**क्राइम कैपिटल ...**यहां मोबाइल छीनने की घटना को गंभीर वारदात इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि मोबाइल छिनैती की उपरोक्त घटनाएं नेशनल हाईवे पर सरेराह अंजाम दी गई हैं और हाईवे पर अंजाम दी गई कोई भी आपराधिक घटना कानूनन गंभीर अपराध की श्रेणी में ही सम्मिलित होती है हाईवे पर किए गए अपराध के लिए कानून की धाराएं भी संगीन हैं और सजा भी। हालांकि मोबाइल छिनैती की घटना रुद्रपुर पुलिस की नजर में कोई बड़ा अपराध नहीं है ।पीड़ित का मोबाइल चाहे कितना भी कीमती क्यों ना हो? लेकिन मोबाइल छिनैती के ज्यादातर मामलों में पुलिस कोई मामला पंजीकृत ही नहीं करती और पीड़ित को मौखिक आश्वासन देकर ही पुलिस स्टेशन अथवा चौकी से टरका दिया जाता है। वैसे, देखा जाए तो मोबाइल छिनैती के मामले दर्ज न करने के पीछे पुलिस महकमे की कुछ अपनी ही मजबूरियां हैं ,क्योंकि शहर के किसी न किसी हिस्से में मोबाइल छिनैती की कोई ना कोई वारदात तकरीबन रोज ही होती है और अगर मोबाइल छिनैती की हर वारदात का मामला दर्ज किया गया, तो जिले में अपराध का ग्राफ न जाने कहां से कहां पहुंच जाएगा। हालांकि पुलिस द्वारा समय-समय पर अन्य अपराधों के आरोपियों के साथ-साथ मोबाइल चोरों को भी पकड़ा जाता है और लोगों के छीने हुए मोबाइल वापस भी किए जाते हैं, लेकिन मोबाइल छीने जाने पर पीड़ित की शिकायत दर्ज न होने की स्थिति में, पीड़ित का विश्वास पुलिस और कानून से उठने-सा लगता है। देखा जाए तो सारा खेल तो भरोसे का ही है। पुलिस जनता की सुरक्षा करे या ना करें, पर जनता को आमतौर पर यह भरोसा तो रहता ही है कि अगर उस पर कभी कोई संकट आया, तो पुलिस और कानून जनता की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा। लिहाजा पुलिस की कार्यप्रणाली कुछ ऐसी होनी चाहिए, जिससे आम लोगों का कानून और पुलिस पर भरोसा बना रहे, मगर इन दिनों शहर में बेखौफ अपराधियों का आए दिन जो तांडव हो रहा है, वह पुलिस पर आम लोगों के भरोसे को कमजोर करने वाला है । वह इसलिए ,क्योंकि नगर में अब अपराधियों द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी राह चलते लोगों को शिकार बनाया जा रहा है।

**लाठी डंडों से हमला कर ...**3 वाले क्षेत्र का है, इसलिए वहां की स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों और हमलावरों की पहचान को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर छानबीन कर रही है। जहांगीर की मौत से उसके परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

**सड़ा गला शव ...**मार्ग के किनारे स्थित खाली भूखंड में चाहर दिवारी के पीछे कुछ लोगों ने शव देखा। जब पास जाकर देखा गया तो शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में था और उसमें से तेज दुर्गंध आ रही थी। घबराए स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ प्रशांत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से आसपास छानबीन कर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, लेकिन शव की स्थिति और मौके से कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया। शव भूखंड की चाहरदीवारी के पीछे पड़ा था। शव कई दिन पुराना होने का अनुमान है। मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक युवक ने पर नीले रंग की पैंट और ऊपर धारीदार लाइनिंग वाली कमीज पहनी हुई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उसकी पहचान के लिए आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही खुलासा हो सकेगा।

**पटाखों के गोदाम से ...**गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के अवशेषों और अन्य सुरागों के आधार पर जांच में जुटी है। व्यापारी की ओर से मामला दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। त्योहारी सीजन में इस तरह की बड़ी चोरी से स्थानीय व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने की मांग की है।

**क्रेडिट कार्ड पर ..**की मांग की है। उनका कहना है कि यह स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी का मामला है, जिसमें उनकी पहचान और बैंक जानकारी का दुरुपयोग कर बड़ी रकम निकाली गई। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और संबंधित बैंक से भी जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर सेल को इस मामले से अवगत कराया गया है।

**विवाहिता के दोनो हाथ..**जशोदा के पिता ने महिला हेल्प डेस्क, कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर आरोपी पीतमराम व उसके माता-पिता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि ससुराल पक्ष की ओर से उनकी बेटी की जान को खतरा बना हुआ है। प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सितारगंज में डाकघर का सर्वर डाउन होने से लोग हुए परेशान

सितारगंज। शहर के मुख्य डाकघर में इन दिनों अव्यवस्था का आलम है। डाक भेजने पहुंचे लोगों की लंबी-लंबी कतारें रोजाना देखने को मिल रही हैं। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री और अन्य सेवाओं के लिए आने वाले नागरिक घंटों लाइन में लगने के बाद मायूस होकर वापस लौट जाते हैं। डाकघर में डाक भेजने के लिए केवल एक ही काउंटर चालू है, जिस पर कार्यरत कर्मचारी का व्यवहार भी लोगों के प्रति असहयोगी बताया जा रहा है। आए दिन वही जवाब सुनने को मिलता है "सर्वर डाउन है, कल आना"। महिलाएँ, पुरुष, यहाँ तक कि छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी डाक कराने के लिए घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन अंत में जब "सर्वर डाउन" का बहाना सुनना पड़ता है तो निराश होकर लौटना पड़ता है। एक साधारण डाक या रजिस्ट्री भेजने के लिए अब लोगों को कई-कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों की बढ़ती परेशानी पर सभासद रवि रस्तोगी ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा "यह जनता के साथ सीधा अन्याय है। डाकघर जैसी मूलभूत सेवा में ऐसी लापरवाही अस्वीकार्य है। जब लोग घंटों लाइन में लगकर लौट जाते हैं, तो यह उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। मैं इस मामले को उच्च अधिकारियों के सामने उठाऊँगा और अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन भी किया जाएगा।"स्थानीय लोगों ने डाकघर प्रशासन से माँग की है कि डाक भेजने के लिए एक और काउंटर खोला जाएँ, कर्मचारियों का व्यवहार सुधारा जाए और "सर्वर डाउन" जैसी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।



# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव पार्वती मंदिर कमेटी आवास विकास द्वारा आयोजित पंचम श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूर्व महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली । बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से मुख्य यजमान के रूप में पालिकाध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी पत्नी रिया गुंबर के साथ सिर पर श्रीमद भागवत धारण की । 108 सुहागिन महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर



ढोल नगाड़ों के बीच श्री सनातन धर्म मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए आवास विकास स्थित पंडित दीनदयाल पार्क तक कलश यात्रा निकाली। कमेटी के अध्यक्ष राकेश भुड्डी ने बताया कि मथुरा से आए कथावाचक पंडित बृज गोपाल जी महाराज प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कथा का वाचन करेंगे । वहां सतीश छाबड़ा ,रमन छाबड़ा, श्वेता शर्मा ,धीरज कुमार ,निर्मल नारंग, अंजू भुड्डी ,सिल्की खेड़ा, इंदू ,राजबाला चौहान,पूनम ग्रोवर सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# विद्युत विभाग ने किच्छा में पुलिस सुरक्षा में लगाए गए स्मार्ट मीटर

किच्छा। शहर के पंजाबी मोहल्ले में शनिवार को विद्युत विभाग ने पुलिस सुरक्षा में स्मार्ट मीटर लगाए। इस दौरान मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन सुरक्षा बलों की मौजूदगी में विभागीय कर्मचारियों ने कार्य पूरा किया। एसडीओ डीसी गुरुरानी ने जानकारी देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के हित में लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मीटरों को लेकर कुछ लोग भ्रांतियां फैला रहे हैं, जबकि



इससे उपभोक्ताओं को ही फायदा होगा। गुरुरानी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी उपभोक्ता को कोई समस्या या शिकायत है तो वह सीधे विभाग से संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोग की पारदर्शी जानकारी मिलेगी और उपभोक्ता अपने बिलों पर आसानी से नियंत्रण रख सकेंगे। मौके पर जेई ओमवीर तथा विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। पुलिस बल की मौजूदगी में मोहल्ले में शांति बनाए रखते हुए कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और स्मार्ट मीटर व्यवस्था को सहयोग करें, क्योंकि यह उपभोक्ताओं के हित में ही लागू की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## मंत्री सौरभ बहुगुणा ने खिलाड़ियों को दिया प्रोत्साहन संदेश






शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। मंत्री बहुगुणा ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि खेल में हार और जीत से अधिक जरूरी होता है निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ खेलें और अपने प्रदर्शन से जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करें। साथ ही निर्णायकों को भी निष्पक्ष निर्णय के साथ प्रतियोगिता संपन्न कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने "खेलो उत्तराखंड, बढ़ो उत्तराखंड" के नारे को आगे बढ़ाने की बात कही। शुभारंभ अवसर पर खेल संयोजक एवं उप शिक्षा अधिकारी सितारगंज भानु प्रताप कुशवाहा ने मंत्री बहुगुणा का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का समग्र संचालन सह-संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी/मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। वहीं, सब-जूनियर वर्ग में आधुनिक और विविध खेलों जैसे फुटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, योगा, व्यायाम, लंबी कूद, ऊंची कूद और जूडो की प्रतिस्पर्धाएं कराई गईं। प्रतियोगिता के पहले दिन के प्रमुख परिणाम में बालिका अंडर-14 की 400 मीटर दौड़ में काशीपुर की निकिता मझेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फातिमा (सितारगंज) द्वितीय और रुखसार (काशीपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। बालक अंडर-11 वर्ग की 400 मीटर दौड़ में खटीमा के लक्ष्य ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बसंत कन्याल (खटीमा) द्वितीय और विराट मेवाड़ी (सितारगंज) तृतीय स्थान पर रहे। बालिका अंडर-11 में खटीमा की आरोही ने प्रथम, रुद्रपुर की जीनस अंसारी ने द्वितीय और सितारगंज की सोनाली जोरदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संचालन में शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में खिलानंद अटवाल, हरीश दवाई, संजीव बुधौरी, जयंत मंडल और पंकज राय का विशेष योगदान रहा। साथ ही पंजीकरण और लेखा कार्य में राम जनम चौहान, अनिल श्रेष्ठ, अवधेश कुमार, रवि मजूमदार, हिमाचल कुमार, कमलापति परगाई, प्रेमचंद प्रसाद और आदित्य रघुवंशी सहित अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर समाजसेवी गुरजीत सिंह (पूर्व प्रमुख पति), अमरजीत कटवाल, संजय बाछाड़, विधान सरकार, बीडीसी सदस्य रतन गोलदार, सह-संयोजक अशोक कुमार (प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज रुद्रपुर) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म ,युवक गिरफ्तार

नैनीताल। शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बीडी पांडे अस्पताल में एक नाबालिग किशोरी ने बच्ची को जन्म दिया। घटना के सामने आते ही अस्पताल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर युवक पर पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी नैनीताल के एक स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। बीते दिवस किशोरी को पेट दर्द की शिकायत के बाद उसकी मां उसे बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंची थी। जांच के दौरान डॉक्टरों को किशोरी के गर्भवती होने का पता चला, जिससे अस्पताल प्रशासन भी हैरान रह गया। कुछ ही देर में किशोरी ने सामान्य प्रसव से एक बच्ची को जन्म दिया। इस घटना की सूचना जैसे ही शहर में फैली, प्रशासन और पुलिस विभाग में भी हलचल मच गई। अस्पताल पहुंची पुलिस ने किशोरी और उसकी मां से पूछताछ की, जिसमें एक युवक के साथ संबंध की बात सामने आई। किशोरी ने बताया कि अल्मोड़ा निवासी सूरज नामक युवक से दो साल पहले फेसबुक के जरिए उसकी जान-पहचान हुई थी। युवक तीन वर्ष पूर्व काम की तलाश में नैनीताल आया था और यहां एक रेस्टोरेंट में नौकरी करने लगा था। उसी दौरान दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और संबंध बन गए। किशोरी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उसकी मां घरों में काम करती हैं जबकि पिता होटल में मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। परिवार को इस बात की भनक तक नहीं लगी कि किशोरी गर्भवती है। कोतवाल ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, एसपी ट्रैफिक व अपराध डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

## पांच जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में 4 अक्टूबर यानी आज एक बार फिर मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने देहरादून समेत पांच जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है।मौसम विभाग के अनुसार 4 अक्टूबर को उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर बदलेगा। देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और हरिद्वार जिले में बारिश की संभावना है। जिसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के माने तो रविवार से प्रदेशभर में 2 दिन तक भारी बारिश के आसार हैं। तापमान पर नजर डालें तो शनिवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम 22.2 सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा टिहरी का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## स्कूली वाहन उड़ा रहे विद्यार्थियों की सुरक्षा के नियमों की धज्जियां

### आरटीआई में खुलासा, शासनादेश, कोर्ट के आदेश भी बेअसर

सितारगंज। सितारगंज क्षेत्र से एक ऐसा गंभीर मामला सामने आया है। जिसने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर, बल्कि प्रशासन और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन के 34 पन्नों में खुलासा हुआ है कि स्कूली बच्चों के लिए चलने वाली बसें महज "पैसा कमाने के उद्देश्य से चलती तिजोरियां बन चुकी हैं। बच्चों की सुरक्षा मानकों का पालन, सुरक्षा संबंधी शासनादेश नजर अंदाज किया गया हैं। सबसे बड़ा खुलासा यह है कि उप संभागीय परिवहन कार्यालय रुद्रपुर ने शासनादेश/न्यायालय निर्देश मौजूद होने के बावजूद महिला परिचालक नियुक्ति से संबंधित जानकारी देने से इनकार कर दिया। लेकिन उन्हीं संलग्न दस्तावेजों में वह शासनादेश मौजूद था। जिसमें महिला परिचालक की नियुक्ति अनिवार्य बताई गई है। इसका सीधा मतलब है कि परिवहन विभाग गंभीर मामले से किनारा कर रहा हैं। स्कूली बसों, वाहन चालकों की कोई भी जानकारी जिम्मेदार विभाग के पास नहीं हैं। इस तरह की लापरवाही बल्कि बच्चों की जान से सीधा खिलवाड़ है। आरटीआई के दस्तावेजों ने यह भी साबित किया कि कई स्कूल बसें लगातार फिटनेस और प्रदूषण मानकों का उल्लंघन कर रही हैं। चालान हुए, लेकिन चालान काटने के बाद भी वे बसें बच्चों को ढो रहीं हैं। इसका मतलब यह है कि चालान सिर्फ एक औपचारिकता है, और बसें भी सड़कों पर मौत को आमंत्रण देती घूम रही हैं। फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट पर भी अग्निशमन विभाग ने साफ कहा कि उनके पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। यानी हादसे की स्थिति में न बसों में आग बुझाने की व्यवस्था है, न सुरक्षित निकास की कोई गारंटी। सीसीटीवी कैमरों और स्पीड गवर्नर की भी परिवहन के विभाग के पास कोई जानकारी नहीं हैं। वास्तविकता में बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। आर्थिक अनियमितता भी इस पूरे मामले का एक बड़ा पहलू है। स्कूलों से वास्तविक बस किराया और किराया निर्धारण आदेशों का विवरण भी सार्वजनिक नहीं हैं। जिस कारण कुछ स्कूल मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं और विभाग उनकी इस लूट पर आंख मूंदे बैठा है। लेकिन उस पर हुई कार्रवाई का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया। यह प्रशासनिक मिलीभगत प्रतीत हो रही हैं। आरटीआई से यह भी स्पष्ट हुआ कि सितारगंज क्षेत्र के 11 पंजीकृत स्कूलों की लगभग 31 बसें चल रही हैं, लेकिन इनमें से किसी में भी महिला परिचालक की मौजूदगी दर्ज नहीं है। चालान लगातार हो रहे हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा मानकों की निगरानी शून्य है। अभिभावकों ने इस पूरे मामले को आपराधिक धोखाधड़ी और उच्च स्तरीय प्रशासनिक भ्रष्टाचार करार दिया है। उन्होंने कहा, "जब परिवहन विभाग के पास शासनादेश मौजूद था, तब नियमों की अनदेखी की जा रही हैं। अभिभावकों का आरोप है कि परिवहन विभाग बच्चों की सुरक्षा से जुड़े वाहनों को लेकर गंभीर नहीं है। सितारगंज क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा अब भगवान भरोसे है और जिम्मेदार विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं।